कार्यालय प्राचार्य, शासकीय रानी अवंतीबाई लोधी महाविद्यालय, घुमका,
जिला–राजनांदगाँव (छ.ग.)

web site- www.rablcollege.ac.in Email : govt.collegeghumka@gmail.com Phone – 07744-288915

दिनाँक 15.12.2022

//प्रतिवेदन//

''घुमका महाविद्यालय में समाजशास्त्र विभाग द्वारा अतिथि व्याख्यान''





घुमका :– शासकीय रानी अंवती बाई लोधी महाविद्यालय, घुमका में दिनांक 14 दिसम्बर 2022 को समाजशास्त्र विभाग द्वारा अतिथि व्याख्यान का आयोजन किया गया। जिसमें पं. रविशंकर विश्वविद्यालय, रायपुर के समाजशास्त्र विभाग के प्राध्यापक डॉ. एल.एस. गजपाल एवं सुराना कॉलेज, दुर्ग में सहायक प्राध्यापक श्री उमेश बैध्य जी ने व्याख्यान दिया। सर्वप्रथम महाविद्यालय के प्राचार्य, डॉ. बी.के. देवागंन ने अतिथियों को पुष्प गुच्छ भेटकर उनका स्वागत किया। डॉ. गजपाल जी ने कहा की जीवन, बिना लक्ष्य का नही होना चाहिए। जीवन में लक्ष्य हमें हमेशा आगे बढ़ने की प्रेरणा देते है, उन्होनें फुटबाल के जादूगर पेले के जीवन में धारित घटना के माध्यम से इस बात को प्रस्तुत किया। उन्होनें राष्ट्रपिता महात्मा गाँधी एवं डॉ. ए.पी.जे. अब्दुल कलाम के जीवन से संबंधित घटनाओं को बताकर हमेशा अपने लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए प्रेरित किया। उन्होनें कहा कि समाज का विकास समाज में व्याप्त कुछ बुराइयों के कारण अवरूद्ध होता है। आज का समाज अधंविश्वास जादू टोना जैसे बातो पर विश्वास कर रहा है यह समाज के विकास में अवरोध उत्पन्न करता है। हमें इसे दूर करने में भागीदारी निभाना चाहिए। डॉ. गजपाल जी ने रिसर्च मेथडोलाजी के बारे में जानकारी दी। रिसर्च, जिज्ञासा को बढ़ावा देता और हमेशा नित्य नवीन रिसर्च करते रहने चाहिए।

कार्यक्रय की अगली कड़ी में श्री उमेश बैध्य जी सहायक प्राध्यापक समाजशास्त्र सुराना कॉलेज, दुर्ग ने भी छात्र–छात्राओं को लक्ष्य के प्रति दृढ़ निश्चयी बनने की बात कही।

उक्त कार्यक्रम के लिए महाविद्यालय प्राचार्य, डॉ. बी.के. देवागंन ने आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम में महाविद्यालय के स्टाफगण एवं बड़ी संख्या में छात्र–छात्राएँ उपस्थित रहे।

कार्यालय प्राचार्य, शासकीय रानी अवंतीबाई लोधी महाविद्यालय, घुमका, जिला–राजनांदगाँव (छ.ग.)

web site- www.rablcollege.ac.in Email : govt.collegeghumka@gmail.com Phone – 07744-288915

दिनाँक 15.12.2022

//फोटाग्राफ्स//

''घुमका महाविद्यालय में समाजशास्त्र विभाग द्वारा अतिथि व्याख्यान''







(डॉ. बी. के. देवांगन)
प्राचार्य
शासकीय रानी अवंती बाई लोधी महाविद्यालय,
घुमका, जिला–राजनांदगांव (छ.ग.)

विभागाध्यक्ष
(समाजशास्त्र)